प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

24.12.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

इसरो–ब्लूबर्ड ब्लॉक–2

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अपने सबसे भारी अंतरिक्ष यान एल.वी.एम3–एम6 के जरिए अगली पीढ़ी के अमरीकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 का सफल प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से भारतीय मानक समयानुसार सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर किया गया। लगभग 15 मिनट की उड़ान के बाद ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 अंतरिक्ष यान से अलग हो गया और सफलतापूर्वक अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने इस सफल प्रक्षेपण की सराहना की और इसे भारत की धरती से भारतीय प्रक्षेपक द्वारा प्रक्षेपित किया गया अब तक का सबसे भारी उपग्रह बताया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो को एलवीएम3–एम6 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रक्षेपण ने अमरीका के अगली पीढ़ी के ब्लू बर्ड ब्लॉक–2 संचार उपग्रह को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे भारत की प्रक्षेपण क्षमता मजबूत हुई है।

विंटर कार्निवाल

राजधानी शिमला में अब से कुछ देर बाद विंटर कार्निवाल शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इस 9 दिवसीय कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के 12 जिलों से आए कलाकार आज सांस्कृतिक परेड निकालेगें जबकि महिलाओं की महानाटी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। विंटर कार्निवाल को लेकर शिमला के मॉलरोड व रिज मैदान को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कार्निवाल की पहली सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध पंजाबी गायक रोहनप्रीत सिंह और गायिका पायल ठाकुर अपनी प्रस्तुति से लोगों का मनोरंजन करेंगे। सुरक्षा को लेकर शिमला शहर को 5 सैक्टर में बांटा गया है। पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि सुरक्षा को लेकर लगभग साढ़े 4 सौ जवान तैनात किए गए हैं और पर्यटकों व आम लोगों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

शिवराज–जी राम जी–2

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी–राम–जी योजना के तहत केंद्र सरकार का योगदान मनरेगा के 86 हजार करोड़ रुपये की तुलना बढ़कर लगभग 95 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ये ग्रामीण रोजगार के लिए सरकार के निरंतर और मजबूत समर्थन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत, राज्यों को केवल कार्यान्वयन एजेंसियों के रूप में नहीं, बल्कि विकास में भागीदार के रूप में माना जाता है, जिन्हें वैधानिक ढांचे के

भीतर अपनी योजनाओं को अधिसूचित और कार्यान्वित करने का अधिकार दिया गया है। कृषि मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यूपीए सरकार ने मनरेगा के तहत केवल 2 लाख 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए थे, जबकि नरेंद्र मोदी सरकार ने 8 लाख 53 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। उन्होंने बताया कि योजना में महिलाओं की भागीदारी 48 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 57 प्रतिशत हो गई है।

<u>मुख्यमंत्री–भेंट</u>

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती पद्धति को प्रोत्साहित करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। शिमला में उनसे मिलने आए पांगी क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए पांगी के लोगों और स्वयं सहायता समूहों की सराहना की।

<u>भाजपा</u>

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में अटल स्मृति वर्ष के तहत कल 25 दिसबर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिदंल के अनुसार 31 दिसबंर तक ये कार्यक्रम प्रदेश भर में विधानसभा स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की सोच को जन–जन तक पहुंचाया जायेगा। राजीव बिंदल ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अटल स्मृति वर्ष के कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आहवान किया है।